b>

Title: Need for early completion of National Highway No. 2 between Auraiya and Sirbhaganj in Etawah Parliamentary constituency, Uttar Pradesh. – Laid.

श्री रघुराज सिंह शाक्य (इटावा): अध्यक्ष महोदय, आगरा-कानपुर राट्रीय राजपथ संख्या 02 के अंतर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र इटावा के औरेया से लेकर सिरशागंज तक हो रहे पथ का निर्माण मानक के आधार पर कोई कार्य नहीं हो रहा है। साथ ही साथ कार्य धीमी गति से चल रहा है। एक लाइन के कार्य होने से दूसरे लाइन का पथ इतना खराब हो गया है कि आए दिन दुर्घटना होती रहती है। साथ ही साथ इटावा में हो रहे बाईपास के निर्माण का कार्य 2004 तक पूरा होना था, किन्तु निर्माण कार्य करने वाली कम्पनी ने कार्य को बंद कर दिया है, जिससे लगता है कि कार्य 2008 तक भी पूरा नहीं हो पाएगा। कार्य मानक के आधार पर भी नहीं हो रहा है।

अतः आपसे व्यक्तिगत अनुरोध है कि कार्य को शीघ्र एवं मानक के आधार पर करवाने की कृपा करें, जिससे जनता को हो रही परेशानी से मुक्ति मिले।